# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/4108
दिनांक : 25-10-2019

सेवा में,
सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांक सम्बद्धता/3659 दिनांक 16.09.2019 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से सम्बद्ध सभी संस्थानों में शिक्षा संकाय के सभी पाठ्यक्रमों में व विधि संकाय के एल0एल0बी0 (तीन वर्ष), बी0ए0एल0एल0बी0 (पाँच वर्षीय) तथा बी0काम0एल0एल0बी0 (पाँच वर्षीय) पाठ्यक्रमो को छोड़ कर शेष पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2020–2021 में अनापत्ति/सम्बद्धता हेतु ऑन लाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 10 अक्टूबर 2019 निर्धारित की गयी थी। मा0 कुलपति जी के आदेशों के आलोक में ऑन लाईन आवेदन करने हेतु दिनांक 23.10.2019 से 31.10.2019 तक तिथि विस्तारित की जाती है। शासन को उक्त सूचना प्रेषित कर दिये जाने के कारण इस सत्र हेतु उक्त तिथि अन्तिम बार विस्तारित की जा रही है, इसके पश्चात तिथि विस्तारित नहीं की जा सकेगी।

भवदीय,

25.10.19

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–
01. व्यैक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. प्रभारी वेबसाइट इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
03. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।

कुलसचिव

AF (907)